दैनिक जागरण 20/04/2023

# कालेज द्वारा करवाया गया औद्योगिक दौरा

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के वाणिज्य विभाग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा नेटमेक्स चंडीगढ़ में एक दिवसीय औद्योगिक दौरा करवाया। इसमें बीसीए के 57 और वाणिज्य विभाग के 58 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी छात्र एवं छात्राओं को यह बताया गया कि यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिकृत कंपनी है और उन्हें ड्रोन के द्वारा डेमो देकर सिखाया गया। कालेज ने इस कंपनी के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए, जो भविष्य में इन सभी विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होंगे। इस मौके पर वाणिज्य विभाग से डा. सुरेंद्र कुंडू, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग से श्याम रहेजा, गायत्री, रमनीत, और उदिता आदि उपस्थित रहे।